राज्यपाल सचिवालय

राज भवन जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने विकसित भारत में सभी के योगदान का किया आहवान

नगर निगमों के महापौरों से किया संवाद

जयपुर, 17 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान को वीर भूमि बताते हुए यहां के गौरवमय इतिहास से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। उन्होंने जयपुर को सर्वाधिक सुनियोजित शहर बताते हुए इसकी स्वच्छता और सुंदरता के लिए सभी को मिलकर कार्य किए जाने पर जोर दिया।

श्री बागडे मंगलवार को चोखी ढाणी में नगर निगम द्वारा आयोजित जयपुर महोत्सव कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने भारत के इतिहास और विकास की चर्चा कर विकसित भारत में सभी को भूमिका निभाने का भी आह्वान किया।

राज्यपाल ने आरंभ में राज्य के विभिन्न नगर निगम महापौरों से परिचय प्राप्त कर उनसे संवाद भी किया। उन्होंने इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों की भी सराहना की।